ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01, नोलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी,
जनपद गौतमबुद्ध नगर।

पत्रांकः–ग्रे0नो0 / कार्मिक / 2020 / 16847
दिनांकः 27 फरवरी, 2020

कार्यालय–ज्ञाप

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 117वीं बोर्ड बैठक दिनांक 08.02.2020 को सम्पन्न हुई, जिसमें बोर्ड द्वारा प्राधिकरण में स्टाफ की अत्यन्त कमी के दृष्टिगत कार्यहित में सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों को एक निश्चित अवधि के लिए निर्धारित मानदेय पर रखे जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन के अनुसार प्राधिकरण में स्टाफ की अत्यन्त कमी के दृष्टिगत अधिकारियों / कर्मचारियों की तात्कालिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के विभागों एवं राज्य सरकार के अन्य प्राधिकरणों एवं उपक्रमों के ऐसे अनुभवी अधिकारी / कर्मचारी, जो सेवानिवृति के पश्चात् पूर्णतया स्वस्थ हैं तथा जिनका गत 05 वर्षों का कार्य उत्कृष्ट रहा है एवं अपने कार्यों में दक्षता / विशेषज्ञता रखते हैं, उन्हें 06–06 माह के लिए एक निश्चित मानदेय पर प्राधिकरण के कार्यों हेतु सेवा प्रदाता के माध्यम से न रखते हुए सीधे प्राधिकरण से आबद्ध किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारी जो निश्चित मानदेय पर रखे जायेंगे, उनके द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा आवंटित नैत्यिक कार्यों का सम्पादन किया जायेगा। सेवानिवृत्ति के उपरान्त निम्नानुसार निश्चित मानदेय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रखा जाना प्रस्तावित हैः–

क्र0 सं0	छठे वेतन आयोग की संस्तुति के अनुसार ग्रेड–पे	7वें वेतन आयोग की संस्तुति के अनुसार		प्रस्तावित मासिक मानदेय की धनराशि(रूपये में)
		लेवल	न्यूनतम वेतन	
1.	1800	1	18000	18000
2.	1900	2	19900	
3.	2000	3	21700	
4.	2400	4	25500	
5.	2800	5	29200	30000
6.	4200	6	35400	
7.	4600	7	44900	
8.	4800	8	47600	
9.	5400	9	53100	40000
10.	5400	10	56100	
11.	6600	11	67700	
12.	7600	12	78800	
13.	8700	13	123100	60000

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा दिए गये अनुमोदन के अनुपालन में अग्रेतर कार्यवाई हेतु सभी विभागाध्यक्षों से अपेक्षा की जाती है कि अपने विभाग के कार्यो के सुचारू सम्पादन हेतु

तात्कालिक रूप से आवश्यक सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों को रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रस्तुत करें, जिसमें वांछित अधिकारियों / कर्मचारियों की संख्या, आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ एवं विशेष अनुभव आदि का स्पष्ट उल्लेख हो।

27.02.2020

(कृष्ण कुमार गुप्त)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

<u>प्रतिलिपिः—</u>

- मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ। -16847
- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी(डी) को सूचनार्थ। -16848
- विशेष कार्याधिकारी(एस0एस0) / (एस0के0) को सूचनार्थ। SS-16849, SK-16850
- समस्त विभागाध्यक्षों(   ) को अनुपालनार्थ।
- गार्ड फाईल।
- Dy. G.M. (Marketing) को website / Twitter व अन्य माध्यमों से प्रसारणार्थ। 16851

27.02.2020

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी